अध्यक्ष केन्द्रीय चयन पर्षद
(सिपाही भर्ती) का कार्यालय
03 APR
बिहार (पटना)

पत्र संख्या–11/आ०नी०–I–03/2019 सा.प्र. 6168

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

रजनीश कुमार,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

प्रशासनिक पदाधिकारी,
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी,
पटना।

पटना–15, दिनांक– 31.03.2023

OSD/Coot. sec.
3/4/23

**विषय :– आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आय एवं परिसम्पतियों के प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु आवेदन एवं प्रमाण–पत्र के प्रारूप में संशोधन के संबंध में।**

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि इस विभाग के पत्र संख्या–4824 दिनांक–10.03.2023 द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आय एवं परिसम्पतियाँ प्रमाण–पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाली कठिनाईयों के समाधान के लिए केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक–19.09.2022 के Frequently Asked Question (FAQ) एवं उसके संदर्भ में निर्गत स्पष्टीकरण को बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी को सर्वसाधारण की सुविधा के लिए उपलब्ध करायी गई है।

उपर्युक्त के क्रम में तद्नुरूप आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्यों द्वारा आय एवं परिसम्पति प्रमाण–पत्र के लाभार्थ स्वयं घोषणा–पत्र (संशोधित अनुसूची–II A) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए निर्गत किये जाने वाले आय एवं परिसम्पति प्रमाण–पत्र का प्रारूप (अनुसूची–I A) एतद् द्वारा संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

अनुरोध है कि उपर्युक्त के आलोक में लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत निर्गत किये जाने वाले ऑन–लाईन आवेदन की प्रक्रिया में एतद् संबंधी संशोधित प्रारूप के अनुरूप संशोधन कर अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनु०–यथोक्त।**

R

विश्वासभाजन,

31/03/2023.

(रजनीश कुमार)
सरकार के उप सचिव।

Rg
05/04/23

FILE PATH-D/DHARMRAJ LETTER-3

R-463/के०प०प०
05.04.23